


महिला आयोग ने किया गेल इंडिया को रायपुर तलब, 2.50 लाख देने का निर्देश


## खबर संक्षेप

### सीएम कैंप कार्यालय की मदद से मिली मुआवजा राशि

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निजी निवास स्थित सीएम कैंप कार्यालय बगिया में की गई एक संवेदनशील पहल से आकाशीय बिजली गिरने से मृत व्यक्ति के परिजनों को बड़ी राहत मिली है। पीड़ित परिवार ने मुआवजा राशि लंबित होने पर मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई थी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद राजस्व विभाग ने प्रकरण का परीक्षण कराया। जांच रिपोर्ट के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व द्वारा मृतक के आश्रित संजय कुजूर (ग्राम झिक्की, तहसील बगिया, जिला जशपुर) के पक्ष में 4 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत करने की अनुशंसा करते हुए प्रकरण कलेक्टर जशपुर को भेजा गया,जिसके बाद परिजनों को 4 लाख रूपए की स्वीकृति मिली है।

### बोर्ड परीक्षा में नकल रोकने 8 उड़नदस्ता गठित

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी द्वितीय मुख्य व अवसर परीक्षा 2026 के सुव्यवस्थित संचालन एवं परीक्षा केन्द्रों में नकल रोकने के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री रोहित व्यास ने जिले में 8 उड़नदस्ता दल गठित किए हैं। परीक्षा 8 से 22 जुलाई तक प्रातः 9 से 12.15 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रत्येक तहसील के लिए एक-एक उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जशपुर दल के प्रभारी विश्वास राव मस्के अनुविभागीय अधिकारी (रा.), मनोरा के प्रभारी नीतू भगत तहसीलदार, दुलदुला के प्रभारी राहुल कौशिक तहसीलदार, कुनकुरी के प्रभारी नन्दजी पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), फरसाबहार के प्रभारी ओंकारेश्वर सिंह अनुविभागीय अधिकारी (रा.), कांसाबेल की प्रभारी आस्था चन्द्राकार तहसीलदार, बगीचा के प्रभारी प्रदीप कुमार राठिया अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं पत्थलगांव के प्रभारी ऋतुराज सिंह बिसेन अनुविभागीय अधिकारी (रा.) होंगे। प्रत्येक दल में तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहेंगे। जिला प्रशासन ने सभी दल प्रभारियों को शासकीय वाहन का उपयोग कर परीक्षा समाप्ति के पश्चात निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

### जिले में 61.8 मिमी औसत वर्षा

**जशपुरनगर।** जिले में 1 जून से 8 जुलाई 2026 तक 2035.0 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 08 जुलाई तक सामान्य औसत वर्षा 2772.9 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 61.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार हैः तहसील जशपुर में 184.3 मिमी, मनोरा में 301.4 मिमी, कुनकुरी में 250.0 मिमी, दुलदुला में 173.2 मिमी, फरसाबहार में 128.0 मिमी, बगीचा में 147.0 मिमी, काँसाबेल में 204.5 मिमी, पत्थलगाँव में 217.1 मिमी, सन्ना में 283.3 मिमी एवं बागबहार में 146.2 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 301.4 मिमी दर्ज की गई है। 08 जुलाई को सर्वाधिक बगीचा तहसील में 11.7 मिमी वर्षा हुई।

## कालाबाजारी रोकने जिले में चल रहा कृषि विभाग का अभियान

# बिना लाइसेंस उर्वरक बेचने पर कार्रवाई, 141 बोरी खाद जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक निर्धारित मूल्य पर उपलब्ध कराने तथा उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अवैध विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार उप संचालक कृषि के नेतृत्व में कृषि विभाग द्वारा जिले में लगातार सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को विकासखंड बगीचा के ग्राम चम्पा में कृषि विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 141 बोरी उर्वरक जब्त किया।

■ नियमों का उल्लंघन करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई: कलेक्टर

उप संचालक कृषि एमआर भगत ने बताया कि वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लालसाय केरकेट्टा, कृषि विकास अधिकारी एवं उर्वरक निरीक्षक क्रुसलीना मिंज तथा संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की संयुक्त टीम ने ग्राम चम्पा में नईम अख्तर के निवास पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान 25 बोरी डीएपी, 10 बोरी एसएसपी तथा 106 बोरी यूरिया सहित कुल 141 बोरी उर्वरक बिना किसी वैध बिल अथवा दस्तावेज के भंडारित पाया गया। जांच में यह भी सामने आया कि संबंधित व्यक्ति द्वारा बिना वैध उर्वरक लाइसेंस के खाद का विक्रय किया जा रहा था। वैध दस्तावेज एवं लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किए जाने पर कृषि विभाग ने समस्त उर्वरक को जब्त कर सुपुर्दनामा तैयार करते हुए उसके विक्रय पर तत्काल प्रतिबंध लगा दिया। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। जांच पूर्ण होने के उपरांत संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध नियमानुसार पुलिस में प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर श्री व्यास के निर्देश पर जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी, जमाखोरी, नकली उर्वरकों की बिक्री तथा निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर बिक्री रोकने के लिए जिला स्तरीय टीम सभी विकासखंडों में लगातार निरीक्षण कर रही है। कृषि विभाग ने चेतावनी दी है कि उर्वरक नियंत्रण आदेश एवं संबंधित अधिनियमों का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यापारी अथवा व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कृषि विभाग ने किसानों से भी अपील की है कि वे केवल अधिकृत विक्रेताओं से ही खाद-बीज खरीदें, खरीदारी के समय बिल अवश्य प्राप्त करें तथा कालाबाजारी, जमाखोरी या अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री की जानकारी तत्काल कृषि विभाग को दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जा सके।

### बिक्री पर लगा प्रतिबंध

निरीक्षण के दौरान ग्राम सुलेसा, विकासखंड बगीचा में मनोज जायसवाल द्वारा बिना लाइसेंस उर्वरक का विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश, 1985 के खंड-28 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए 35 बोरी डीएपी, 10 बोरी सुपर फॉस्फेट तथा 7 बोरी यूरिया सहित कुल 52 बोरी उर्वरक जब्त किया गया एवं सुपुर्दनामा कर उनके विक्रय पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया गया है। इसी प्रकार विकासखंड बगीचा के सन्ना स्थित किसान कृषि केंद्र में बिना पीओएस मशीन के उर्वरक विक्रय किया जाना पाया गया। इस पर 27 बोरी डीएपी उर्वरक जब्त कर उसके विक्रय पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

## ग्रामीणों को दी गई विकसित भारत पंचायत प्लान की जानकारी



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के निर्देशन में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, ग्राम पंचायत सचिवों, रोजगार सहायकों, तकनीकी सहायकों, संबंधित विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता की।

रोजगार दिवस के अवसर पर ग्रामीणों को विकसित भारत - रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत उपलब्ध रोजगार,कार्य की मांग, समयबद्ध रोजगार और भुगतान के प्रावधान, मजदूरी भुगतान प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही वीबीजी रामजी अंतर्गत लागू नवीन मजदूरी दर 300 रुपये प्रतिदिन के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए अधिकाधिक श्रमिकों से रोजगार कार्यों में सहभागिता करने का आग्रह किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार ने कहा कि ₹रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का उद्देश्य केवल योजनाओं की जानकारी देना नहीं, बल्कि प्रत्येक पात्र परिवार तक शासन की योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाना है।

वीबीजीरामजी के अंतर्गत बढ़ी हुई 300 रुपए प्रतिदिन मजदूरी दर से ग्रामीण श्रमिकों को अधिक आर्थिक संबल मिलेगा। जल संरक्षण के कार्यों में जनभागीदारी सुनिश्चित कर हम भविष्य की जल सुरक्षा, कृषि समृद्धि और सतत ग्रामीण विकास की मजबूत नींव रख सकते हैं। विकसित भारत पंचायत प्लान के माध्यम से प्रत्येक ग्राम पंचायत को योजनाबद्ध, सशक्त, आत्मनिर्भर एवं विकासोन्मुख बनाने की दिशा में सभी अधिकारी-कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधि समन्वित रूप से कार्य करें तथा सक्रिय सहभागिता निभाने व ग्राम पंचायतों के समग्र विकास में सहयोग करने की अपील की है।

## संत पॉल स्कूल में विद्यार्थी मंत्रिमंडल का शपथ ग्रहण



**जशपुरनगर।** संत पॉल इंग्लिश मीडियम स्कूल, बघिमा में बुधवार को विद्यार्थी मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल बैंड की मधुर धुन के साथ हुई, जिसके बीच नवनिर्वाचित विद्यार्थी प्रतिनिधियों को मंच तक लाया गया।

समारोह में सुशील लकड़ा ने प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया तथा विद्यार्थी नेतृत्व के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके बाद स्कूल के प्राचार्य नीलम टोप्पो, मैनेजर मॉरिस कुजूर, उप प्राचार्य, शाला नायक, शाला नायिका एवं शिक्षक प्रतिनिधि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य नीलम टोप्पो ने नवनिर्वाचित विद्यार्थी मंत्रिमंडल को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस दौरान अनमोल खलखो ने शाला नायक, आयुषका तिग्गा ने शाला नायिका, जॉनी कुजूर ने उप शाला नायक तथा रितु एक्का ने उप शाला नायिका के रूप में शपथ ली। इनके साथ अन्य 32 छात्र-छात्राओं ने भी विभिन्न जिम्मेदारियों का दायित्व संभाला। सिस्टर सुशीला पन्ना ने सभी पदाधिकारियों को बैज प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शीतल बेक ने व आभार अनमोल एवं सुगिया ने प्रदर्शित किया।

## मृतकों के परिजन के लिए आर्थिक सहायता स्वीकृत

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा एवं नैसर्गिक विपत्तियों से होने वाली जनहानि पर प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसी के तहत प्राकृतिक आपदाओं में हुई मृत्यु के 2 प्रकरणों में कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा कुल 8 लाख रूपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। अपर कलेक्टर प्रदीप साहू से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील दुलदुला के ग्राम जुड़वाई निवासी मथियस टोप्पो की पानी में डूबने से मृत्यु हो जाने के कारण उनकी पत्नी फुजयंती गुलाब टोप्पो को कुल 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

## नवाटोली में श्रीजी परिवहन सुविधा केन्द्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिला मुख्यालय के नवाटोली में श्रीजी परिवहन सुविधा केन्द्र का शुभारंभ उप पुलिस महानिरीक्षक डीआईजी डॉ. लाल उमेद सिंह के द्वारा किया गया।

■ 5 लोगों को वितरित किए गए लर्निंग लाइसेंस

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित नागरिकों को परिवहन विभाग द्वारा दी जा रही विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि इस नवीन केन्द्र के माध्यम से ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन संबंधी सेवाओं एवं अन्य परिवहन सेवाओं का लाभ आम नागरिकों को सरल एवं समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। इस अवसर पर कुल 05 पात्र आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस एवं हेलमेट वितरित किए गए। अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस के साथ वाहन चलाने तथा यातायात नियमों के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, परिवहन सुविधा केन्द्र के संचालक, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उपस्थित रहे। नवीन केन्द्र के शुरू होने से क्षेत्र के लोगों को परिवहन संबंधी सेवाएं अब स्थानीय स्तर पर आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी।

## कर्मचारियों की सुविधा के लिए नगर पंचायत ने बांटे रेनकोट



**जशपुरनगर।** नगर की सफाई व्यवस्था, जल निकासी और अन्य आवश्यक सेवाओं को बारिश के दौरान भी सुचारु बनाए रखने के लिए नगर पंचायत ने कर्मचारियों को रेनकोट वितरित किए। नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील की पहल पर आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों को रेनकोट प्रदान कर उनके कार्यों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का परिचय दिया गया। बरसात के मौसम में नगर पंचायत के सफाईकर्मी और मैदानी कर्मचारी सबसे अधिक चुनौतियों का सामना करते हैं। तेज बारिश के बीच नालियों की सफाई, जलभराव की स्थिति से निपटना और नगर की व्यवस्था बनाए रखना उनकी जिम्मेदारी होती है। ऐसे में कर्मचारियों को सुरक्षित और सुविधाजनक माहौल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह पहल की गई।

## जिला जेल में ज्ञान योग शिविर का शुभारंभ



**जशपुरनगर।** बालाछापर स्थित ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा जिला कारागार जशपुर में निरुद्ध बंदियों के नैतिक, आध्यात्मिक एवं मानसिक उत्थान के उद्देश्य से सात दिवसीय ज्ञान योग एवं राजयोग ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में कारावासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर आध्यात्मिक ज्ञान एवं राजयोग ध्यान का लाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज सेवा केंद्र बालाछापर की संचालिका बीके सरिता बहन सहित संस्थान की बहनों की सक्रिय एवं संपूर्ण सहभागिता रही। अपने संबोधन में बीके सरिता बहन ने कहा कि राजयोग ध्यान मनुष्य को आत्मिक शांति, सकारात्मक सोच एवं आत्मबल प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति मूल रूप से शांति, प्रेम और आनंद स्वरूप आत्मा है। जब व्यक्ति अपने वास्तविक स्वरूप को पहचानकर परमात्मा से योग जोड़ता है तो उसके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आने लगते हैं। उन्होंने उपस्थित बंदियों को जीवन में नैतिक मूल्यों को अपनाने, आत्मचिंतन करने तथा नशामुक्त एवं संस्कारयुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला कारागार अधीक्षक एसएल ठाकुर की उपस्थिति रही। अपने संबोधन में उन्होंने ब्रह्माकुमारीज संस्थान द्वारा संचालित इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं बल्कि व्यक्तित्व सुधार एवं पुनर्वास का केंद्र भी है। ऐसे आध्यात्मिक एवं नैतिकता आधारित कार्यक्रम बंदियों के मानसिक तनाव को कम करने तथा उनमें सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बच्चों को बांटी गई खेल सामग्री



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना न्योता भोजन के तहत 6 जुलाई को समर्थ आवासीय दिव्यांग प्रशिक्षण केन्द्र में जिला जनसंपर्क अधिकारी नूतन सिदार ने अपने बेटे प्रखर कुमार के जन्म दिवस के अवसर पर दिव्यांग स्कूल जशपुर में न्योता भोजन का आयोजन किया गया और बच्चों को खेल सामग्री, कापी, कंपास बाक्स बच्चों को भेंट किया गया। बच्चों ने उत्साह से न्योता भोजन का आनंद लिया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उप संचालक धर्मेन्द्र कुमार साहू वरिष्ठ प्रबंधक श्रवण कुमार भगत समाज कल्याण विभाग के सहायक अधीक्षक वेद प्रकाश कुलदीप और शिक्षक शिक्षिकाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि न्योता भोजन की अवधारणा एक सामुदायिक भागीदारी पर आधारित है। यह विभिन्न त्योहारों या अवसरों जन्मदिन, वर्षगांठ और राष्ट्रीय पर्व पर स्कूलों आश्रम छात्रावास के बच्चों के लिए न्योता भोजन करवाया जा सकता है।

## खराब मौसम में एक घंटे तक आसमान पर उड़ती रही दिल्ली की फ्लाइट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



मूसलाधार बारिश के बीच सोमवार को दृश्यता कम होने के कारण मां महामाया एयरपोर्ट पर दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी। मौसम साफ होने एवं दृश्यता बढ़ने के इंतजार में फ्लाइट एक घंटे तक आसपास के क्षेत्रों में आसमान पर उड़ान भरती रही। दृश्यता बढ़ने पर काफी विलम्ब से एयरपोर्ट पर हवाई जहाज की सुरक्षित लैंडिंग हुई तो अधिकारी-कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

■ दृश्यता बढ़ने पर विलम्ब से हुई लैंडिंग

सोमवार को एलाइंस एयर ने दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव किया था। फ्लाइट दिल्ली से सुबह 7.20 बजे की जगह बदले शेड्यूल के अनुसार सुबह 11.20 बजे रवाना हुई। फ्लाइट बिलासपुर से शाम 5.15 बजे अम्बिकापुर पहुंची। इस दौरान आसमान पर घने बादल छाने एवं मूसलाधार बारिश होने के कारण दृश्यता कम होने के कारण मां महामाया एयरपोर्ट दरिमा पर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी। हवाई जहाज में अम्बिकापुर के 30 से अधिक यात्री सवार थे इसलिए चालक दल पर यात्रियों का दबाव भी था। इसके एक सप्ताह पूर्व भी एलाइंस एयर ने दिल्ली-अम्बिकापुर फ्लाइट का शेड्यूल बदला था तथा अम्बिकापुर में बारिश होने के कारण दरिमा एयरपोर्ट पर फ्लाइट की लैंडिंग नहीं हो सकी थी। फ्लाइट यात्रियों को लेकर वापस बिलासपुर लौट गई थी। इस दौरान यात्रियों ने जमकर हंगामा मचाया था। मौसम साफ होने एवं दृश्यता बढ़ने के इंतजार में फ्लाइट एक घंटे तक आसमान पर उड़ती रही। इस दौरान फ्लाइट मैनपाट, सीतापुर, राजपुर आदि क्षेत्रों के ऊपर उड़ान भरती रही इस दौरान दृश्यता बढ़ने पर एक घंटे विलम्ब से फ्लाइट की सुरक्षित लैंडिंग हुई तो अधिकारियों एवं यात्रियों ने राहत की सांस ली। बरसात के मौसम में दोपहर बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ने एवं बीच-बीच में बारिश होने की संभावना है। ऐसे में शाम में फ्लाइट की लैंडिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना जताई जा रही है। संयोग रहा कि दोनों दिन फ्लाइट के शेड्यूल में बदलाव करने के कारण इस तरह की स्थिति निर्मित हुई।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444



# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style



# कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था, इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस की वजह से काफी हार्मोनल बदलाव हुए और इसे करवाते समय उन्हें कई तरह की भावनाएं महसूस हुईं। एक्ट्रेस ने बताया कि उनका मानना है कि जिंदगी के बड़े फैसले समाज की उम्मीदों के बजाय अपनी निजी तैयारी के आधार पर लिए जाने चाहिए।

हॉलीवुड मसाला



# पार्टी रॉक एंथम के लिए थीं मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** ब्रिटिश सिंगर लॉरेन बेनेट का 37 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह 'पार्टी रॉक एंथम' में अपनी परफॉर्मेंस और जीएलआर की फाउंडिंग मेंबर के तौर पर जानी जाती थीं। उनके बैंड के साथियों ने एक भावुक बयान में उनके निधन की पुष्टि की। बैंड ने उनके जीवन व योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी है। लॉरेन बेनेट ने अपने म्यूजिक करियर की शुरुआत 2006 में यूनाइटेड किंगडम में 'द एक्स फैक्टर' के तीसरे सीजन से की थी।



# लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 52 ब्लू...

**नई दिल्ली।** एक्ट्रेस नेहा धूपिया अपनी पहली इंटरनेशनल फीचर फिल्म '52 ब्लू' के प्रीमियर के लिए तैयार हैं। यह फिल्म मशहूर लंदन इंडियन फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा है। इसका यूरोपियन प्रीमियर 9 जुलाई को बीएफआई साउथबैंक में होगा। नेहा की शानदार परफॉर्मेंस के लिए फिल्म को पॉजिटिव फीडबैक मिला है। दर्शकों और रिव्यूअर्स, दोनों ने ही फिल्म की इमोशनल गहराई की तारीफ की है, जिससे '52 ब्लू' इस साल फेस्टिवल की सबसे ज्यादा इंतजार की जाने वाली स्क्रीनिंग में से एक बन गई है। नेहा धूपिया ने इस खास पल के बारे में बात करते हुए अपना उत्साह जाहिर किया। उन्होंने कहा ''52 ब्लू' मेरे लिए हमेशा एक बेहद खास फिल्म रहेगी क्योंकि यह मेरा पहला इंटरनेशनल प्रोजेक्ट है।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

टीवी मसाला



# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया



कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की। इससे वह दुखी हो गईं और हर्षद चोपड़ा और आकांक्षा चमोला के सामने रोने लगीं। यह देखकर हर्षद गुस्से में श्रेया को तलाशने के लिए दौड़ पड़े। ऐसे में शिवांगी और आकांक्षा ने हर्षद को किसी तरह से रोका। इस दौरान काफी शोर-शराबा हुआ, जिसे सुनकर बाकी प्रतियोगी भी एक जगह पर आ गए।

# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।' एक और यूजर ने लिखा, 'आवारापन के गानों की बात ही अलग थी' एक यूजर ने इमरान के लिए लिखा, 'अक्खा बॉलीवुड एक तरफ और इमरान हाशमी एक तरफ'। एक और यूजर ने लिखा, 'शिवम वापस आ गया है'। एक और यूजर ने लिखा, 'इस फिल्म को कोई नहीं रोक सकता, पहले दिन ही हिट हो जाएगी'।



# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971

**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही



साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।

***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?

### साल 2010 में फिर से हुई रिलीज

इस प्रिंट में सत्यजीत रे की वही डॉक्यूमेंट्री थी, जिसने उस दौर में तहलका मचा दिया था। एकेडमी फिल्म आर्काइव ने दोबारा इस पूरी फिल्म को रीस्टोर किया और फिर साल 2010 में सरकार ने इस पर लगाया गया बैन हटा दिया। यानि अब अगर आप चाहें तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म को बेधड़क देख सकते हैं। अब सवाल उठता है कि आखिर यह फिल्म थी कौन सी? तो इस डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम था 'सिक्किम 1971'। इसका टाइटल काफी सीधा सा रखा गया था और लेकिन इसका कॉन्टेंट काफी डीप था।

## पुरुष समाज का दर्द दिल किया है बयां, हर किसी की आंखें कर दी थीं नम

# रफी ने गाया था यह दर्द भरा गीत, कल्ट क्लासिक है 56 साल पुराना गाना

*नई दिल्ली। सिनेमा जगत के महान गायक के तौर पर आज भी मोहम्मद रफी को जाना जाता है। अपने सुनहरे सिंगिंग करियर के दौरान उन्होंने हर किस्म के गीतों को आवाज दी थी और उन्हें अमर किया था। लेकिन, सैड सॉन्ग के मामले में रफी साहब एक अलग दर्जे के सिंगर के तौर पर पहचाने जाते थे। इसी आधार पर आज हम आपको मोहम्मद रफी द्वारा गाया एक ऐसे कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे सबसे सर्द भरे गीत के तौर भी जाना जाता है।*

### किसने तैयार किया गाना

बात की जाए फिल्म हीर रांझा के ये दुनिया ये महफिल की मेकिंग की तो मोहम्मद रफी की गायिकी के अलावा इसकी धुनों को मशहूर संगीतकार मदन मोहन अपने धुनों पर तैयार किया था, जबकि इसके लिरिक्स को कैफी आजमी गीतकार ने लिखा था। इस तरह से ये कल्ट क्लासिक सैड सॉन्ग रेडी हुआ था।



### 1970 में रिलीज हुई थी हीर रांझा

जब मोहम्मद रफी सैड सॉन्ग गाते थे, तो मानों ऐसा लगता कि उन्होंने सच में अपने दिल का दर्द आवाज में उतार के रख दिया है। उनकी आवाज से गाने की खूबसूरती और बढ़ जाती थी, जिसे सुनने के बाद दिल और आंखें भरा आती थी। ऐसा ही करिश्मा रफी साहब ने साल 1970 में रिलीज होने वाली फिल्म हीर रांझा के एक गीत के लिए किया था।

### राज कुमार पर फिल्माया गया गाना

जब उन्होंने ये दुनिया ये महफिल... गीत गाया था। अभिनेता राज कुमार पर फिल्माया गया मोहम्मद रफी का ये गाना आज भी बॉलीवुड के बेस्ट एवर सैड सॉन्ग के तौर पर जाना जाता है। इस गाने को सुनने के बाद यकीनन तौर पर आपकी भी आंखें भर आएंगी। कुल मिलाकर कहा जाए तो पुरुष समाज का दर्द दिल बयां करने के लिए रफी साहब के ये दुनिया ये महफिल को जाना जाता है। इस वजह से ये हर किसी का फेवरेट भी माना जाता है। अगर आप भी मोहम्मद रफी के गानों को सुनना पसंद करते हैं तो यकीनन तौर पर आपकी प्लेलिस्ट में ये दर्द भरा गीत जरूर शामिल होगा।

## खबर संक्षेप



### बस्तामुक्त विद्यालय रुनियाडीह में नशामुक्त जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**बिश्रामपुर।** प्रथम बस्तामुक्त शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रुनियाडीह में पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में करंजी चौकी प्रभारी विशाल मिश्रा के नेतृत्व तथा सरपंच सुमित्रा सिंह की उपस्थिति में प्रधान आरक्षक जयप्रकाश कुजूर तथा खेलन राम शांडिल्य द्वारा नशा के विरुद्ध मुहिम चलाते हुए नशामुक्त जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्था प्रमुख सीमांचल त्रिपाठी द्वारा उपस्थित बच्चों को नशा से होने वाली से समस्या व परेशानी को बताते हुए इससे दूर रहने के लिए बच्चों को प्रेरित किया गया।श्री त्रिपाठी ने कहा कि नशा नाश की जड़ है,साथ ही नशा से होने वाली विभिन्न प्रकार की बीमारियों को बताते हुए इससे दूर रहने तथा समाज को भी दूर रहने के लिए प्रयास करने को कहा गया। प्रधान आरक्षक जयप्रकाश कुजूर द्वारा नशा मुक्त समाज निर्माण हेतु शपथ दिलाया गया। इस दौरान संस्था के शिक्षक रिजवान अंसारी, एम टोप्पो, पूनम गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### शिवनंदनपुर मंडल में मनाई गई श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती



**बिश्रामपुर।** भाजपा मंडल शिवनंदनपुर के ग्राम पंचायत कुंजनगर में स्थित संत गहिरा गुरु आश्रम में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म जयंती मनाई गई जिसमें मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष अनूप सिन्हा रहे। अन्य अतिथियों में जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, मंडल अध्यक्ष हरिश राजवाड़े, विजयराज अग्रवाल, मंजीत सिंह भामरा, भागवत प्रजापति, शितिकांत स्वाई बाबू रहे। स्वागत भाषण हरीश राजवाड़े ने दिया, कार्यक्रम को विजयराज अग्रवाल एवं देवधन राम बिंझिया ने भी संबोधित किया। अंत में मुख्य वक्ता अनूप सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एक प्रखर राष्ट्रवादी नेता व कुशल संगठन शिल्पी थे,उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही हमारी पूंजी है। हमारा आचरण और व्यवहार लोगों के प्रति अच्छा होना चाहिए।इस अवसर पर मुख्य रूप से विवेक जायसवाल, पार्षद श्यामू साहू, कृष्णपाल बिंझिया, बुलचू राजवाड़े, शांतनु सिंह, अनिता सिंह, गोपाल राजवाड़े, राजेंद्र प्रसाद, पार्षद अंजली राजवाड़े, पार्षद प्रमिला साहू, वंदना चौरसिया, गीता साहू, समीर सिंह, चंद्रशेखर राजवाड़े, दीपक सोनी, संतोष पाठक, तारकेश्वर पटेल, ध्रुवनाथ पांडेय, व अन्य उपस्थित थे, कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शितिकांत स्वाईं व आभार देवशरण ने व्यक्त किया।

### प्रशासन ने ढाई ढाई एकड़ जमीन कराया कब्जा मुक्त, होगा साप्ताहिक बाजार का संचालन

**बलरामपुर।** जिले में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई कर ढाई एकड़ कब्जा खाली कराया गया। बता दें कि कलेटकर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार अवैध अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है इसी कड़ी में विकासखंड बलरामपुर अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गुप्ता के मार्गदर्शन में राजस्व एवं संयुक्त टीम के द्वारा ग्राम भैंसामुंडा एवं राधाकृष्णनगर में 2.5 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। साप्ताहिक बाजार की सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए लगभग 2.5 एकड़ शासकीय भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। अतिक्रमण हटने से बाजार के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो गया है, जिससे दुकानदारों और ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा साप्ताहिक बाजार का संचालन अधिक व्यवस्थित एवं सुचारू रूप से किया जा सकेगा। उक्त कार्रवाई सार्वजनिक उपयोग की शासकीय भूमि के संरक्षण और ग्रामीण बाजार व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को सार्वजनिक उपयोग की शासकीय भूमि की नियमित निगरानी करते हुए अतिक्रमण की स्थिति में नियमानुसार त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### क्षेत्र में नीलगिरी पेड़ों की अवैध कटाई, जांच के निर्देश



**राजपुर।** सिधमा क्षेत्र में नीलगिरी पेड़ों की कथित अवैध कटाई का मामला सामने आया है। पिछले कुछ दिनों से बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों को ईंट भट्ठे के पास एकत्रित किया जा रहा है। इसके बाद इन्हें भारी वाहनों के माध्यम से दूसरे राज्यों में भेजे जाने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बिना वैध अनुमति के पेड़ों की कटाई की जा रही है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में समय-समय पर बाहरी तस्कर अनुमति का हवाला देकर पेड़ों की कटाई करते हैं और लकड़ी दूसरे राज्यों में खपा देते हैं। हालांकि बीच-बीच में प्रशासन द्वारा कार्रवाई भी की जाती है, लेकिन इसका कोई खास असर दिखाई नहीं दे रहा है। इससे अवैध कटाई में संलिप्त लोगों के हौसले बढ़ते जा रहे हैं। इस संबंध में एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। नीलगिरी पेड़ों की कटाई की सूचना मिलने पर नायब तहसीलदार को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पेड़ कटाई की कोई अनुमति जारी नहीं की गई है।

## पहली बार 12 घंटे के भीतर 76.6 मिमी हुई वर्षा

# झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पहली बार हुई झमाझम बारिश से किसानों का चेहरा खिल गया है। खेतों में पानी भरने के कारण अब किसान तेजी से धान रोपाई के काम में जुट गए हैं। मौसम विभाग द्वारा पिछले 12 घंटों में 76.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानी मंगलवार को भी कहीं-कहीं मूसलाधार बारिश होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

**खास बातें**
- खरीफ खेती की तैयारियों में जुटे किसान
- बारिश रोपाई एवं बुनाई में आई तेजी

ओड़िशा के पास खाड़ी में लो-प्रेशर बनने के बाद आसमान पर बादलों का घनत्व बढ़ गया था लेकिन वर्षा नहीं हो रही थी। किसान धान का रोपा लगाने के लिए अच्छी बारिश होने का इंतजार कर रहे थे। अभी तक अधिकांश किसान धान का बीड़ा तक नहीं लगा पाए हैं जबकि पूर्व में लगाया गया बीड़ा अधिक समय होने के कारण अनुपयोगी होने की स्थिति में है। रोपाई के लिए किसान अच्छी बारिश होने का इंतजार कर रहे हैं। सोमवार को अपराह्न 3 बजे अचानक मौसम बदला तथा शहर सहित पूरे जिले भर में झमाझम बारिश हुई। बारिश की रफ्तार इतनी तेज थी कि कुछ ही घंटों में नदी-नाले उफान पर आ गए तथा जगह-जगह जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। बारिश का क्रम मंगलवार सुबह तक जारी रहा। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को सुबह 12 घंटों में 76.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने बुधवार के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया है तथा मौसम विज्ञानी कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना जता रहे हैं। मंगलवार को सुबह देर तक आसमान पर घने बादल छाए रहे तथा हल्की वर्षा भी हुई लेकिन सुबह 10 बजे मौसम साफ हो गया तथा पूरे दिन धूप निकली। सोमवार को हुई बारिश को खरीफ खेती के लिए काफी उपयोगी माना जा रहा है तथा बारिश के बाद किसान उत्साहपूर्वक खेती के कार्यों में जुट गए हैं। झमाझम बारिश के बाद फिलहाल उमस से राहत मिल गई है साथ ही तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा मंगलवार को न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार खाड़ी में सक्रिय लोप्रेशर अवदाब में बदल गया है तथा मध्य प्रदेश की ओर बढ़ रहा है। सोमवार को अवदाब सरगुजा के उपर केंद्रित था जिसके प्रभाव से मूसलाधार वर्षा हुई है। इसके पूर्व रविवार को मैनपाट, उदयपुर सहित आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा हुई थी। मैदानी क्षेत्रों की तुलना में पहाड़ी क्षेत्रों में अधिक वर्षा होने की सूचना है।



खेती की तैयारी करते किसान।

### अब तक 301 मिमी वर्षा

मौसम अधिकारियों के अनुसार मौसम कार्यालय द्वारा मानसून सत्र में अब तक 301 मिमी वर्षा हो चुकी है। मौसम कार्यालय द्वारा जून में 103 मिमी एवं जुलाई के 7 दिनों में 190 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। सरगुजा में पूरे मानसून काल में औसत 1220 मिमी वर्षा होती है इस दृष्टि से अब तक मानसून काल की लगभग एक चौथाई वर्षा हो चुकी है। हालाकि अभी भी खरीफ खेती खासकर धान की खेती के लिए अभी भी वर्षा की जरूरत है। वर्षा के अभाव में धान की खेती पिछड़ रही है। धान की रोपाई के लिए एक-दो दिन के अंतराल में नियमित वर्षा होने को जरूरी माना जा रहा है।

#### बोता धान का बढ़ा रकबा

समय पर वर्षा नहीं होने के कारण सरगुजा में लगातार बोता धान का रकबा बढ़ रहा है। कृषि विभाग के अनुसार पिछले साल इस अवधि में 28524 हेक्टेयर में बोता धान की बोनी हुई थी जबकि इस बार मात्र 11369 हेक्टेयर में बोता धान की बोनी हुई है। इसके विपरीत 48100 हेक्टेयर लक्ष्य के विपरीत मात्र 446 हेक्टेयर में धान की रोपाई हो सकी है जो लक्ष्य का मात्र 16.21 फीसदी है। इसी तरह मक्का, ज्वार, कोदो आदि खरीफ अनाजों के लिए निर्धारित 101826 हेक्टेयर लक्ष्य के विपरीत 20402 हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो सकी है जो लक्ष्य का 20.04 प्रतिशत है। दलहन फसलों की बोनी 6.21 प्रतिशत एवं तेलहन फसलों की बोनी 8.20 फीसदी तक ही हो सकी है। कृषि अधिकारी अब धान की रोपाई एवं बोनी के लिए अनुकूल स्थिति बनने एवं खेती के कार्यों में तेजी आने की संभावना व्यक्त कर रहे है।

#### वर्षा धान की खेती के लिए अनुकूल

बारिश से धान की रोपाई एवं बोनी के लिए स्थिति अनुकूल है। भविष्य में बारिश बंद होने पर समस्या हो सकती है। खेतों में नमी बढ़ने के कारण मक्का आदि अनाजों की बुनाई करने पर अंकुरण में विलंब होगा तथा बीजों के सड़ने की भी संभावना रहेगी। किसान समय से खेतों की मेढ़बंदी कर लें ताकि पानी भर सके।

-डॉ.प्रदीप कुमार भगत
कृषि वैज्ञानिक

## बंद पड़ी बलरामपुर खदान के स्टोर में सेंधमारी, लोहे का सामान ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की बंद पड़ी बलरामपुर खदान में सोमवार की देर रात चोरों ने सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार चोर स्टोर में रखी लोहे की प्लेटें सहित अन्य सामान अज्ञात बदमाश साथ ले गए। वहीं खदान परिसर में लगी विद्युत सप्लाई लाइन की केबल भी काटे जाने की सूचना है। हालांकि, चोरी गए सामान की मात्रा और कीमत का आधिकारिक आकलन अभी सामने नहीं आया है।

- विद्युत सप्लाई लाइन का केबल भी काटा

जानकारी के अनुसार एसईसीएल की बलरामपुर एवं कुमदा 7-8 खदानें पिछले एक वर्ष से अधिक समय से बंद हैं। प्रबंधन का कहना है कि लगातार घाटे के कारण दोनों खदानों का संचालन बंद किया गया था। खदानें बंद होने के बाद से कबाड़ चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी होने की बात सामने आ रही है।स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि बंद खदान और वर्कशॉप से लोहा, केबल तथा मशीनरी उपकरणों की लगातार चोरी हो रही है, लेकिन कई मामलों में पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई जा रही। इससे सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी पर भी सवाल उठ रहे हैं। बताया जा रहा है कि 6 जुलाई की रात चोरों ने बलरामपुर खदान के स्टोर में सेंध लगाकर लोहे की प्लेटें सहित अन्य सामग्री चोरी कर ली। इसी दौरान केबल चोरी की नीयत से सप्लाई लाइन की केबल भी काट दी गई। समाचार लिखे जाने तक दोनों मामलों में पुलिस में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई थी। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 19-20 अप्रैल की दरम्यानी रात एसईसीएल के रीजनल वर्कशॉप के स्ट्रांग रूम में सेंधमारी कर करीब 2 से 2.5 लाख रुपये मूल्य का कॉपर केबल चोरी होने का मामला भी सामने आया था। उस मामले में भी अब तक एफआईआर दर्ज नहीं होने की चर्चा है, जबकि पूरा रीजनल वर्कशॉप सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में हैं, इन सब के बावजूद चोरी की घटनाएं होने और मामलों को दबाए जाने के आरोप लगते रहे हैं।



## विद्युत सप्लाई बंद होने से आधी रात ग्रामीण पहुंचे सब स्टेशन

हरिभूमि न्यूज. पोड़ी मोड़

क्षेत्र में लगातार दो दिनों से रात को विद्युत सप्लाई बंद कर देने से नाराज हुए लगभग एक दर्जन गांव के लोग आधी रात विद्युत सब स्टेशन पहुंचे और विद्युत सप्लाई सुधार किए जाने की मांग की। साथ ही सुधार नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी।

- सुधार नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी, विद्युत सप्लाई बंद होने से एक दर्जन गांव में छाया अंधेरा

क्षेत्र के लगभग एक दर्जन से भी अधिक गांव के ग्रामीण बिजली विभाग के कर्मचारियों के मनमानी रवैया से परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले लगातार दो दिनों से रात 11 बजे रात के बाद विद्युत सप्लाई बंद कर दिया जाता है और सुबह ठीक 5 बजे चालू कर दिया जाता है। रात के समय विद्युत सप्लाई बंद करने से नाराज हुए ग्रामीणों ने आधी रात विद्युत सब स्टेशन बड़ी संख्या में पहुंचे और विद्युत सप्लाई चालू करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि कर्मचारी मनमानी तरीके से बारिश और मौसम खराब नहीं होने के बावजूद भैंसामुंडा -पोडी मोड फीटर को बंद कर देते हैं। विद्युत सप्लाई बंद होने से सरहरी, पोड़ी मोड़, हरिहरपुर, केवरा, दवनकरा, सिंगरी, मटिगढा, दरहोरा, पार्वतीपुर, सेमरा खुर्द, परमेश्वरपुर, चैनपुर, सिंघरा में अंधेरा छा जाता है। आए दिन बिजली कटौती की समस्या से परेशान है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि हम लोग बिजली विभाग नहीं पहुंचे होते तो कई दिनों तक के समस्या झेलनी पड़ती। इस दौरान पप्पू गुप्ता, गुल्लू कुशवाहा, राजेंद्र सेन, शिवचरण नापित, संजय कुशवाहा, जुगेन्दर कुशवाहा, रामकुमार पटेल, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सिंघरा बस्ती में घुसा दंतैल, लोगों ने शोर मचाकर दौड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

जंगल से निकलकर दंतैल क्षेत्र के बीच बस्ती में पहुंच गया। हाथी के गांव में आने के बाद हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्रित हो गए और हाथी को शोर मचाकर भगाना शुरू कर दिया। इस दौरान एक बड़ी लापरवाही सामने आई। ग्रामीण लापरवाहीपूर्वक शोर मचाने के साथ ही हाथी के पीछे भाग रहे है। ऐसे में आक्रामक होकर हाथी ने भी ग्रामीणों को दौडाना शुरू कर दिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इस तरह खतरनाक तरीके से हाथी के पीछे भागना निश्चित रूप से अपनी मौत को न्यौता देना है। यदि कोई व्यक्ति हाथी की चपेट में आ जाता तो उसकी मौत तय थी।

- पलटकर हाथी ने भी ग्रामीणों को दौडाया, जान बचाकर भागे लोग, वीडियो वायरल



बता दें कि प्रतापपुर क्षेत्र के जंगलों में हाथियों की मौजूदगी बनी हुई है। हाथी अक्सर जंगल से निकलकर बस्ती के समीप आते है और फसलों और मकानों को नुकसान पहुचाने है। इस बीच रेंज अंतर्गत आने वाले ग्राम सिंघरा में एक दंतैल दिन के समय बस्ती में आ गया। हाथी के गांव में आने की सूचना मिलने के बाद हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण हाथी को देखने के लिए पहुंच गए। बस्ती में घुसे हुए दंतैल को युवकों ने शोर मचाकर भगाने का प्रयास किया। इस दौरान जंगल की ओर जा रहे हाथी को ग्रामीणों ने पीछे से दौडाया जिससे हाथी भी आक्रामक हो गया और पलटकर ग्रामीणों को दौडाना शुरू कर दिया। हाथी दवरा हमला किए जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें युवक हाथी को छेड़ते और फिर अपनी जान बचाकर भागते नजर आ रहे है। बस्ती में हाथी के घुसने की जानकारी मिलने के बाद हाथी मित्र दल और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और लोगों को हटाने के साथ ही हाथी पर निगरानी बनाए हुए है। वन विभाग दवाराव गांव और आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कर लोगों से विशेष रूप से बारिश के दौरान रात में घरों से बाहर नहीं निकलने, हाथी के नजदीक नहीं जाने और किसी भी तरह की लापरवाही से बचने का आह्वान किया जा रहा है। वन विभाग के अनुसार हाथी की लगातार निगरानी की जा रही है और उसे सुरक्षित तरीके से वापस जंगल की ओर भेजने के प्रयास किए जा रहे हैं। हाथी मित्र दल और ग्रामीणों की सतर्कता के चलते अब तक किसी भी प्रकार की जनहानि या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली है।

### न्यायालयीन प्रकरणों की मॉनिटरिंग हेतु होगी सीसीएमएस की समीक्षा बैठक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय नवा रायपुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार राजस्व विभाग से संबधित न्यायालयीन प्रकरणों की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से कोर्ट केस मॉनिटरिंग सिस्टम (सीसीएमएस) का संचालन किया जा रहा है, किन्तु जिलों में लंबित न्यायालयीन प्रकरण जो कि उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है। उच्च न्यायालय बिलासपुर में वर्तमान में सरगुजा जिले के 264 प्रकरण लंबित हैं। उक्त प्रकरणों में नियुक्त प्रभारी अधिकारियों द्वारा समयावधि में जवाबदावा नहीं किया जा रहा है। जिससे अवमानना की स्थिति निर्मित हो रही है। जिला स्तर पर कोर्ट केस मॉनिटरिंग सिस्टमपोर्टल के सुचारू संचालन, अनुश्रवण करने हेतु प्रभारी अधिकारी न्यायिक शाखा एवं अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी सरगुजा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे प्रत्येक माह के अंतिम सप्ताह में (सीसीएमएस) की समीक्षा बैठक आयोजित कर न्यायालयीन प्रकरणों की अद्यतन स्थिति से छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को अवगत कराएंगे।

## शाला प्रवेश उत्सव में नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

**भैयाथान।** स्थानीय मंगल भवन में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन जिला सदस्य अनुज राजवाड़े एवं जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राजीव प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद नवप्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराते हुए स्कूल बैग एवं शैक्षणिक सामग्री प्रदान कर विद्यालय में प्रवेश कराया गया। वहीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया तथा दिव्यांग विद्यार्थियों को सहायक उपकरण वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले रोशन लाल राजवाड़े तथा 92-92 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाले सुरेश कुमार एवं विनय कुशवाहा को सम्मानित किया गया। वहीं कक्षा 10वीं में 96 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली ज्योति राजवाड़े, 93 प्रतिशत अंक अर्जित करने वाली अंकिता सिंह तथा 91 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले चंद्रलाल राजवाड़े को प्रशस्ति-पत्र एवं सम्मान देकर उनकी उपलब्धि की सराहना की गई।समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दिव्यांग विद्यार्थियों को भी आवश्यक सहायक सामग्री वितरित की गई। मनीष देवांगन एवं सचिन यादव को दिव्यांग किट तथा कुमारी निशा को ट्राइसाइकिल प्रदान की गई। अतिथियों ने कहा कि ऐसे संसाधन दिव्यांग विद्यार्थियों की शिक्षा को सुगम बनाने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ता हैं। कार्यक्रम को सुनील साहू, प्रकाश दुबे, अभय प्रताप सिंह, राजू कुमार गुप्ता, रमेश गुप्ता एवं महेंद्र सिंह मार्को ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन फातिमा शेखरा एवं जुगेंद्र सोनी ने किया। इस दौरान सावन गोयल, रूपेंद्र कुशवाहा, सौरभ साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी फूलसाय मरावी, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी घनश्याम सिंह, बीआरसीसी सुरेंद्र दुबे सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक-शिक्षिकाएं, एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।



## कलेक्टर ने सार्थक आवासीय वॉलीबॉल अकादमी का किया निरीक्षण

**सूरजपुर।** जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा संचालित सार्थक आवासीय वॉलीबॉल अकादमी का निरीक्षण कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अकादमी में संचालित खेल गतिविधियों, वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य तथा बालक छात्रावास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि आगामी 29 अगस्त राष्ट्रीय खेल दिवस से पूर्व वॉलीबॉल कोर्ट का निर्माण कार्य पूर्ण किया जाए, ताकि खिलाड़ियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बालक खिलाड़ियों के आवास हेतु छात्रावास का भी निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जिले में खेलों को बढ़ावा देने के लिए गुणवत्तापूर्ण खेल अधोसंरचना विकसित करना आवश्यक है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सार्थक आवासीय वॉलीबॉल अकादमी से प्रशिक्षित खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे और जिले का नाम रोशन करेंगे। साथ ही उन्होंने जिले में खेल संस्कृति के विकास एवं युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने पर बल दिया। इस दौरान खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण, राम श्रृंगार यादव, कार्यपालन अभियंता पवित्रा प्रधान, राजनाथ गुप्ता, बलवीर सिंह एवं आशीष उपस्थित रहे।



### रामेश्वर नगर में किया समूह जल प्रदाय योजना का निरीक्षण

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत स्वीकृत रामानुजनगर–प्रेमनगर–नवगई समूह जल प्रदाय योजना के प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने योजना अंतर्गत स्वीकृत समस्त अवयवों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कलेक्टर श्रीमती जमील ने विकासखण्ड प्रेमनगर के ग्राम रामेश्वरनगर में बांगो बांध के टेल इंड में निर्माणाधीन फ्लोटिंग पोन्टून के कार्यों का अवलोकन किया। इसके पश्चात ग्राम महेशपुर में निर्माणाधीन 20 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र के प्रगतिरत कार्यों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने संबंधित अभियंताओं से अब तक पूर्ण किये गए कार्यों की प्रगति की जानकारी ली एवं यह भी जाना कि योजना को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए किन-किन विभागों के साथ समन्वय की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य में गति लाने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएचई के कार्यपालन अभियंता एवं संबंधित ठेकेदार को योजना के समस्त कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिपं सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, एसडीएम, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए विधायक, तिलक लगाकर कराया शाला प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सोमवार को जनपद पंचायत अंतर्गत के शासकीय हाई स्कूल घंघरी में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक प्रबोध मिंज मुख्य अतिथि के रूप में एवं विशिष्ट अतिथि जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया शामिल हुई। छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से अतिथियों का मन मुग्ध कर दिया।

प्राचार्य श्रीमती उमा सिंन्हा एवं वरिष्ठ अध्यापकों, ग्रामीणों के ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके साथ ही नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगा कर मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणेश वितरण किया गया। इस दौरान गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र- छात्राओं को विधायक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक श्री मिंज ने कहा कि प्रवेश उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि छात्राओं के उज्जवल भविष्य की मजबूत शुरुआत प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जोड़ना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने का आह्वान करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो बच्चों को आत्मनिर्भर जागरूक और सफल नागरिक बनाती है। इस दौरान प्रेमानंद तिग्गा, मनीष ली, राजेश राजवाड़े, श्रीमती भारतीय राजवाड़े, रामप्रसाद, रविंद्र, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।




### ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में विधायक मिंज हुए शामिल

जनपद पंचायत लुण्ड्रा के सभा कक्ष में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लुण्ड्रा प्रबोध मिंज शामिल हुए। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरुपा सिंह व जिपं उपाध्यक्ष देवनारायण यादव, श्रीमती कृष्णा पावले, श्रीमती कंचन जायसवाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान बीईओ मनीष कुमार, एबीईओ जय प्रकाश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों ने नए शैक्षणिक सत्र के अवसर पर नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगा कर मिठाई खिलाकर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणेश वितरण किया गया इ.स दौरान गत वर्ष बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र- छात्राओं विधायक द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सतीश कुमार जायसवाल, संजय गुप्ता, अभिषेक पालवे, सोमार साय, श्रीमती प्रभा सोनी, श्रीमती कुसुम कान्ता, बुद्धराम नागेश, मुख्य कार्यपालन अधिकारी लुण्ड्रा दिनेश तिवारी सहित अन्य मौजूद थे।



**खबर संक्षेप**

### सांसद प्रतिनिधि बने रघुनाथ कौंद



**पुसौर।** रायगढ़ लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने पुसौर जनपद के लिए अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। सांसद राठिया ने राजनीति में अपने पुराने सहयोगी और भाजपा के समर्पित कार्यकर्ता रघुनाथ कौंद पर भरोसा जताते हुए उन्हें पुसौर जनपद का सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से पुसौर क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रतिनिधि जगन्नाथ प्रधान सहित भाजपा के तीनों मंडल के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। नव नियुक्त सांसद प्रतिनिधि रघुनाथ कौंद वर्ष 2000 से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े हैं। इसके बाद पूर्व मंडल महामंत्री एवं नशामुक्ति अभियान के संयोजक सुरेन्द्र जेना ने रघुनाथ कौंद को आमंत्रित किया। यहां उन्होंने अपने मित्र मंडली के साथ केक काटकर रघुनाथ कौंद का आत्मीय स्वागत किया।

### श्रमिकों को कार्ड अपडेट कराना जरुरी

**रायगढ़।** पंजीकृत श्रमिकों के श्रमिक कार्ड में दर्ज जानकारी के सत्यापन एवं आवश्यक संशोधन की प्रक्रिया लगातार जारी है। श्रमिक कार्ड में दर्ज सभी जानकारियों का सत्यापन कर आवश्यक सुधार कराना जरुरी है। ऐसा नहीं करने की स्थिति में सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हो सकते हैं।

सहायक श्रमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी श्रमिक के कार्ड में नाम हिंदी अथवा अंग्रेजी में जन्मतिथि, लिंग, मोबाइल नंबर, पता या अन्य व्यक्तिगत जानकारी में किसी प्रकार की त्रुटि है, तो उसे तत्काल संशोधित कराया जाना आवश्यक है। सही एवं अद्यतन जानकारी होने से श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर और बिना किसी बाधा के मिल सकेगा। श्रमिक कार्ड में संशोधन की सुविधा सभी नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर सीएससी में उपलब्ध है। पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के मेधावी बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है।

### आपदा मृतकों के वारिसों को मिलेगा 4.4 लाख

**सारंगढ़।** जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मौत पर सभी मृतकों के वारिस के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। आपदा प्रकरण में तालाब के पानी में डूबने से हुई मौत पर सरिया तहसील के ग्राम छेवारीपाली के 2 मृतक मिथिलेश सिदार की पत्नी निर्मला सिदार और सर्पदंश से 2 मृतक सपनीता चौहान के पिता केबल चौहान और भटगांव तहसील के ग्राम हरदी छातादेई के मृतक दुर्गेश टंडन के भाई भीसम टंडन, पानी में डूबने से ग्राम सलोनीकला के मृतक रथराम चंद्रा के पुत्र मनोज कुमार चंद्रा और चन्द्रनगर भटगांव के मृतक महादेव सिदार के भाई कृष्णदेव सिदार, आकाशीय बिजली से भटगांव के मृतक मुरारी लाल आदित्य की पत्नी उषाबाई आदित्य क्रो को परिवार के लिए सयुंक्त रूप से कलेक्टर ने 4-4 लाख स्वीकृत किया गया है।

### रेंगालपाली बेरियर में सफेद धुंए से परेशान हैं लोग

**पुसौर।** पुसौर तहसील क्षेत्र के रेंगालपाली स्थित आरटीओ और खनिज बेरियर के पास आए दिन सफेद धुंआ उड़ता रहता है। इससे न केवल राहगीरों को सांस लेने में दिक्कत हो रही है बल्कि धुंए के कारण सड़क पर दृश्यता कम होने से दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। जानकारी के अनुसार यह सफेद धुंआ बेरियर से कुछ ही ही दूर स्थित एक कंपनी से निकल रहा है। कंपनी में चुना पत्थर लाकर संयंत्र में उपयोग किया जाता है जिसके प्रसंस्करण के दौरान भारी मात्रा में सफेद धुंआ वायुमंडल में छोड़ा जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि धुंआ निकलने के दौरान बेरियर और आसपास का पूरा इलाका धुंध से भर जाता है। इस वजह से बाइक और चारपहिया वाहन चालकों को आगे का रास्ता साफ नहीं दिखता।

## महिला आयोग ने की 46 मामलों की सुनवाई, कई प्रकरणों का मौके पर निराकरण

# महिला आयोग ने किया गेल इंडिया को रायपुर तलब, 2.50 लाख देने का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

सोमवार को महिला आयोग ने सुनवाई की। इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण मामला गेल इंडिया से जुड़ा रहा। सुनवाई में कंपनी की ओर से साइट इंजीनियर उपस्थित हुए, जबकि मूल शिकायत जिस अधिकारी के विरुद्ध थी, वह लगातार अनुपस्थित रहा। आयोग के समक्ष प्रस्तुत शिकायत में आवेदिका ने बताया कि उसकी भूमि के बीच से गेल इंडिया की गैस पाइपलाइन बिछाई गई है। पाइपलाइन के कारण उसके लगभग 400 फीट गहरे स्थायी बोरवेल का उपयोग प्रभावित हो गया है जिसके निर्माण में लगभग 2.50 लाख रुपए खर्च हुए थे। शिकायत के अनुसार संबंधित अधिकारी द्वारा बोरवेल के उपयोग पर रोक लगाने के साथ समाधान के लिए भी सहमति नहीं दी गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए आयोग ने गेल इंडिया के महाप्रबंधक सुरेश बाबू को 9 जुलाई को रायपुर स्थित राज्य महिला आयोग के समक्ष व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। साथ ही कंपनी को आवेदिका को 2.50 लाख रुपए का भुगतान करने अथवा नया बोरवेल खनन के निर्देश दिए गए हैं। आयोग ने स्पष्ट किया कि आदेश का पालन नहीं होने की स्थिति में आवेदिका एफआईआर दर्ज कराने एवं दीवानी वाद प्रस्तुत करने के लिए स्वतंत्र होगी। आयोग ने फिलहाल अनावेदक क्रमांक 1, 2 एवं 3 को प्रकरण से मुक्त रखा है जबकि मुआवजा नहीं मिलने की स्थिति में संबंधित अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी तय करने की बात कही है। इस मामले में अंतिम सुनवाई 9 जुलाई को रायपुर में होगी।



सुनवाई करते महिला आयोग अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी।

**पडिगांव के प्राचार्य को 15 दिन में हटाने का निर्देश**

पुसौर ब्लॉक के पड़ीगांव हाई स्कूल में कार्यरत शिक्षिका ने स्कूल के प्राचार्य पर मानसिक प्रताड़ना, वेतन कटौती तथा अनावश्यक परेशान करने का आरोप लगाया। शिक्षिका ने बताया कि तलाक के बाद उपनाम परिवर्तन की प्रक्रिया के दौरान भी प्राचार्य द्वारा अनावश्यक बाधाएं उत्पन्न की जा रही हैं। मामले की सुनवाई के बाद आयोग ने प्रथम दृष्टया शिकायत को प्रमाणित मानते हुए डीईओ रायगढ़ को संबंधित प्राचार्य का 15 दिनों के भीतर अन्य ब्लॉक में तबादला करने की अनुशंसा की है।

**जिले में हो चुकी है 10 सुनवाई**

छग राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक एवं संभाग प्रभारी सदस्य सरला कोसरिया की अध्यक्षता में सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित सृजन सभाकक्ष में महिला उत्पीड़न एवं महिला अधिकारों से जुड़े प्रकरणों की जनसुनवाई आयोजित की गई। आयोग की यह प्रदेश स्तर पर 409 वीं तथा रायगढ़ जिले में 10वीं जनसुनवाई रही, जिसमें कुल 46 प्रकरणों पर सुनवाई की गई। सुनवाई के दौरान आयोग ने कई मामलों में सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित विभागों एवं अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।



## बिजली बिल ज्यादा आ रहा है साहब आर्थिक स्थिति हो रही खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

साहब बिजली बिल ज्यादा आ रहा है। इसके कारण घर की माली हालत खराब हो रही है। परिवार पर संकट आ गया है। कुछ राहत नहीं मिल रही है। यह अब तक बढ़ी बिजली बिल की मार से त्रस्त ग्रामीण की गुहार है जो अब इस हालात को संभाल नहीं पा रहा है। जब पानी सिर से पार हो गया तो पुसौर के ग्राम तड़ोला निवासी अंकुर नंदे जनदर्शन में पहुंच गए। उनका कहना था कि घरेलू विद्युत कनेक्शन होने के बावजूद लगातार अत्यधिक बिजली बिल आ रही है। उन्होंने बताया कि अधिक राशि का बिजली बिल मिलने से परिवार को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारियों को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा समस्या का समाधान करने का निर्देश दिया। इसी तरह जगतपुर निवासी रेवती बाई ने पीएम आवास की मांग की। तहसील घरघोड़ा निवासी तीर्थराज झरिया ने कहा कि उनकी निजी भूमि खसरा नंबर 741/1 रकबा 0.240 हेक्टेयर एसईसीएल द्वारा अधिग्रहित की जा चुकी है और भूमि पर खनन भी किया जा चुका है। इसके बावजूद अब तक उन्हें भूमि का न तो मुआवजा मिला है और न ही रोजगार। उन्होंने परिवार के भरण-पोषण के लिए मुआवजा या नौकरी दिलाने का अनुरोध किया। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को मामले की विस्तृत जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**90 फीसदी दिव्यांग लेकिन पेंशन स्वीकृत नहीं**

तमनार के ग्राम कर्रापाली के चैतन गुप्ता ने बताया कि उनका पुत्र 90 प्रतिशत दिव्यांग है, पेंशन स्वीकृत करने एवं राशन कार्ड में नाम जोड़ने कई बार आवेदन दिया, लेकिन अब तक न तो पेंशन मिली और न ही राशन कार्ड। लैलूंगा के सुदूर वनांचल क्षेत्र गंजपुर के सरपंच ने स्कूली बच्चों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नवीन स्कूल भवन निर्माण की मांग रखी। वहीं जनपद पंचायत कोतरा क्षेत्र के ग्रामीणों ने खराब हो चुके बोरवेल के कारण उत्पन्न पेयजल संकट से अवगत कराते हुए नए बोर खनन की मांग की।

## 12 को वैष्णव महासभा का महासंगम, होगा शपथ ग्रहण

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ वैष्णव महासभा जिला रायगढ़ के तत्वावधान में आगामी 12 जुलाई को शहर के केवड़ाबाड़ी स्थित मंगल भवन में भव्य महासंगम एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न मंडलों के नवगठित पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर शपथ दिलाई जाएगी। आयोजन को लेकर समाजजनों में उत्साह का माहौल है।

महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अवसर पर जिले के सभी मंडलों के गठन, पुनर्गठन एवं पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। विशेष रूप से पुसौर, धरमजयगढ़, घरघोड़ा, खरसिया, तमनार, लैलूंगा सहित अन्य मंडलों के नए पदाधिकारियों का गठन एवं जिम्मेदारियों का हस्तांतरण किया जाएगा। नव निर्वाचित पदाधिकारियों को मंच से आधिकारिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे, जिससे संगठनात्मक गतिविधियों को संवैधानिक एवं व्यवस्थित स्वरूप मिल सके। महासभा का उद्देश्य सामाजिक एकता को मजबूत करना तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। आयोजन में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय स्तर के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। राष्ट्रीय महासचिव लखन दास वैष्णव सहित प्रदेश पदाधिकारी समारोह में शामिल होकर नवचयनित पदाधिकारियों को मार्गदर्शन देंगे तथा उन्हें नई जिम्मेदारियों का दायित्व सौंपेंगे। कार्यक्रम 12 जुलाई रविवार को केवड़ाबाड़ी मंगल भवन, रायगढ़ में आयोजित होगा।

## चांदमारी स्कूल के छात्राओं को मिली साइकिल, राह हुई आसान



**रायगढ़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चांदमारी में मंगलवार को विद्यालय प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष श्रीमती शोभा शर्मा वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य नगर पालिक निगम अमित शर्मा, पूर्व पार्षद श्रवण सिदार, अधिवक्ता एवं छत्तीसगढ़ हज कमेटी सदस्य गुलाम रहमान, महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष श्रीमती मेहरूनिशा, अन्य सम्मानित सदस्य एवं अतिथिगण की उपस्थिति में शासन की महत्वाकांक्षी योजना सरस्वती साइकिल वितरण के अंतर्गत कक्षा नवमी के नवप्रवेशी पात्र छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को नियमित रूप से विद्यालय आने जाने में सुविधा उपलब्ध कराना एवं बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के जयघोष के साथ हुआ। तत्पश्चात अतिथियों ने छात्राओं को साइकिलें प्रदान कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा नियमित रूप से विद्यालय आने और शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दी। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित डॉ मनीषा त्रिपाठी प्रधान पाठक शासकीय रविशंकर प्राथमिक शाला ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य शासन की यह योजना छात्राओं को शिक्षा से जोड़नेए विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वार्ड पार्षद अमित शर्मा ने छात्राओं को रोजगारोन्मुखी शिक्षा के बारे में बताते हुए छात्राओं को उनके भविष्य निर्माण के लिए यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर पौधरोपण भी किया गया। अंत में प्राचार्य भरत लाल नामदेव ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

### डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम

**खरसिया।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर खरसिया के पुरानी बस्ती चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उन्हें नमन करते हुए उनके देशभक्ति और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को याद किया। इस अवसर पर महेश साहू ने साथियों सहित आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारत की एकता, अखंडता और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानने वाले महान राष्ट्रवादी चिंतक, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे। उन्होंने आगे कहा कि डॉ. मुखर्जी का ऐतिहासिक संकल्प एक देश में दो विधान दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे आज भी देशवासियों को राष्ट्रसेवा एवं राष्ट्रीय एकता के लिए प्रेरित करता है। उनके त्याग, दूरदर्शी नेतृत्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर विजय शर्मा खरसिया मंडल, ध्यक्ष, मनीष रावलानी महामंत्री, किशोर शर्मा कार्यालय मंत्री, नीलेश ठाकुर शक्ति केंद्र सहसंयोजक एवं हितेश सोनू द्विवेदी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## प्राइवेट स्कूलों में अनट्रेंड शिक्षक गढ़ रहे बच्चों का भविष्य

- हाल ही के बोर्ड परीक्षा परिणाम में विद्यार्थियों का कमजोर रहा प्रदर्शन, चंद्रपुर के कई निजी विद्यालय चर्चा में

**चंद्रपुर।** सक्ति जिले के अंतिम छोर में बसे प्रसिद्ध धार्मिक एवं शिक्षा की नगरी चंद्रपुर में नए शिक्षण सत्र 2026 की शुरुआत के साथ ही क्षेत्र के कई निजी विद्यालयों की कार्यप्रणाली चर्चा का विषय बनी हुई है। सूत्रों और अभिभावकों से मिली शिकायतों के अनुसार कुछ विद्यालयों में शिक्षकों की अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। यदि इन शिकायतों की पुष्टि होती है, तो यह विद्यार्थियों के भविष्य से जुड़ा गंभीर मामला होगा। हाल ही में घोषित बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों ने भी कई निजी विद्यालयों की शिक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

सूत्रों के अनुसार कई विद्यालयों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहाए जहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी असफल हुए या अपेक्षा से काफी कम अंक प्राप्त कर सके। इससे अभिभावकों में चिंता और नाराजगी दोनों बढ़ रही है। उनका कहना है कि ऊंची फीस के बावजूद शिक्षा की गुणवत्ता अपेक्षित स्तर की नहीं दिख रही। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग को सभी निजी विद्यालयों की जांच करनी चाहिए। शिक्षकों की योग्यता, मान्यता संबंधी नियमों का पालन, विद्यार्थियों की पढ़ाई की गुणवत्ता और परीक्षा परिणामों की निष्पक्ष समीक्षा की जाए। यदि कहीं नियमों का उल्लंघन मिलता है, तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। शिक्षा केवल व्यवसाय नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की नींव है। ऐसे में यदि शिक्षा संस्थानों में लापरवाही या नियमों की अनदेखी हो रही है, तो उस पर समय रहते कठोर कार्रवाई आवश्यक है।




मैंने चंद्रपुर के सभी निजी विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका के दस्तावेज मंगाए हैं। इस प्रकार की गतिविधियां चल रही है तो उस विद्यालयो की मान्यता रद्द कर दी जाएगी।
**कुमुदनी बाघ दिवेदी , डीईओ सक्ती**

## ग्रामीण जल संरक्षण को नई मजबूती दे रही अदाणी फाउंडेशन की पहल

**रायगढ़।** जल संरक्षण एवं ग्रामीण विकास को बढ़ावा देने की दिशा में अदाणी पावर लिमिटेड, रायगढ़ की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत संयंत्र के परिधीय 5 गांवों में तालाबों का गहरीकरण कार्य प्रगति पर है। यह पहल वर्षा जल संरक्षण, भू-जल संवर्धन तथा किसानों की कृषि आवश्यकताओं को सुदृढ़ करने पर केंद्रित है। परियोजना के तहत बरपाली, छोटे भंडार, तिलगी, रुचिदा एवं सरवानी गांवों के कुल 5 तालाबों का गहरीकरण किया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने पर लगभग 53,025 घन मीटर अतिरिक्त जल भंडारण क्षमता का सृजन होगा, जिससे वर्षा जल का संचयन बेहतर होगा और भू-जल पुनर्भरण में सहायता मिलेगी। इस परियोजना से आसपास के कृषि क्षेत्रों को सीधा लाभ मिलेगा। अनुमानतः रुचिदा में 50 एकड़, बरपाली में 15 एकड़, सरवानी में 20 एकड़ तथा तिलगी में लगभग 25 एकड़ सहित कुल 105 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इससे फसल उत्पादकता में वृद्धि होगी और वर्षा आधारित खेती पर निर्भरता कम होगी। तालाब गहरीकरण कार्य जल संरक्षण के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्य पालन एवं ग्रामीण आजीविका के अन्य साधनों को भी समर्थन देगा। सभी तालाबों में एक-एक पचरी का निर्माण भी कराया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक उपयोग के लिए सुविधा मिलेगी। अदाणी फाउंडेशन स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर ऐसे विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है, जो गांवों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक हों। जल संरक्षण पर आधारित यह पहल ग्रामीण विकास और कृषि को दीर्घकालिक आधार प्रदान करेगी।

- 5 गांवों में तालाब गहरीकरण कार्य प्रगति पर





## राष्ट्र निर्माण के लिए युवाओं को लक्ष्य और सकारात्मक सोच अपनानी होगी: ओपी

**रायगढ़।** देश की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर पुरोधा, प्रखर शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती के अवसर पर शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय में व्याख्यान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भारत माता एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया तथा उनके राष्ट्रनिर्माण में योगदान को नमन किया। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग, शिक्षा, सिद्धांतों के प्रति अटूट निष्ठा और अदम्य साहस का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने व्यक्तिगत हितों से ऊपर राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान दिया और भारतीय लोकतंत्र तथा राष्ट्रीय एकता को नई दिशा प्रदान की।



उनका जीवन आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का अक्षय स्त्रोत है। इस अवसर पर उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राष्ट्र के प्रति योगदान का भी स्मरण किया।







